# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्रीय कर्मचारी और पेंशनभोगियों का मंहगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ाने को दी मंजूरी। विपणन सत्र 2026–27 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को भी मिली स्वीकृति।
- प्रदेश भर में आज धूम–धाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा। बुराई पर अच्छाई का पर्व विजयदशमी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीं शुभकामनाएं।
- महानवमी पर कल प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में देर रात तक लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में कन्या पूजन कर, कहा– नारी शक्ति के प्रति आस्था का पर्व है नवरात्र।
- प्रदेश के कई जनपदों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी। आज भी कई जिलों में बारिश की संभावना।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गयीं। बैठक में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में बताया कि इससे केंद्र सरकार के लगभग उन्चास लाख बीस हजार कर्मचारियों और अडसठ लाख सत्तर हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह बढोतरी इस वर्ष पहली जुलाई से प्रभावी होगी।

**हमारे सभी केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशनर्स को बधाई। एक साथ दो हज़ार पच्चीस से डीए और डियरनेस रिलीफ फिफ्टी एट पर्सेंट हो। यानी तीन पर्सेंट बढ़ा। बहुत ही बड़ी अच्छी बढ़ोतरी है ये केंद्र सरकार के बढ़ाने के बाद में राज्य सरकार के एम्प्लॉइज को भी इसका सीधा बेनिफिट मिलेगा। टोटल करीब करीब टेन थाउजेंड एटीफॉर करोड़ रुपीस पर यर एक्स्ट्रा मिलेगा हमारे सभी केंद्रीय कर्मचारियों को प्लस पेंशनर्स को।**

महंगाई भत्ते में वृद्धि से केंद्रीय कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। लखनऊ में कार्यरत केंद्रीय कर्मचारी राघवेंद्र प्रताप ने बताया कि सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों को बहुत राहत मिलेगी।

**जो महंगाई भत्ता सरकार द्वारा बढ़ाया गया है ये हम लोगों के लिए बहुत ही लाभदायक है और इससे हम लोगों को जो महंगाई की मार पड़ती है दैनिक जीवन में उससे काफी राहत मिलेगी।**

बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दी है। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और दलहन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के उद्देश्य से यह एक ऐतिहासिक पहल है। इसके साथ ही विपणन सत्र 2026–27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को भी कैबिनेट ने स्वीकृति दी है।

**रबी सीजन की एमएसपी बढ़ाने से टोटल एटीफॉर थाउजेंड टू हंड्रेड सिक्सटी थ्री करोड़ रुपीस हमारे किसान भाइयों के सीएससीपी की रिकमेंडेशन आई और जो रबी सीजन के छह बड़े क्रॉप्स हैं व्हीट, बारले, ग्राम लेंटिल, पेप्सी, मस्टर्ड और सफलावर। इनके सब में जो कमिटमेंट है कॉस्ट से मिनिमम फिफ्टी पर्सेंट अधिक होना। उस कमिटमेंट को ध्यान में रखते हुए ये नए एमएसपी अप्रूव हुए हैं।**

कैबिनेट के इस निर्णय से किसानों में खुशी का माहौल है। मुजफ्फरनगर के किसान धर्मेन्द्र मलिक ने इस फैसले के लिये सरकार का आभार जताया।

**भारत सरकार द्वारा रबी की फसलों में जो वृद्धि की गई है। पिछले वर्षों की तुलना में यह वृद्धि काफी संतोषजनक है। इससे किसानों की आय में लाभ होगा।**

बैठक में हुए निर्णयों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि किसानों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में हुए फैसलों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

**********

बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का पर्व विजयदशमी आज प्रदेश भर में हर्षोल्लास के वातावरण में परम्परागत ढंग से धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न भागों में विशेष रूप से ग्रामीण अंचलों में आज दशहरा मेलों के आयोजन किए गये हैं। इन मेलों में बुराई, अन्याय और अनाचार के प्रतीक रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतले जलाए जाएंगे। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीला में भी आज रावण वध के प्रसंग का मंचन होगा। कई स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जाएगी। दशहरा पर्व पर गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर द्वारा आज निकाले जाने वाली विजय शोभायात्रा में गोरक्षपीठ के महन्त और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश वासियों को विजय दशमी की शुभकामनाएं दी हैं।

उधर, कल शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। प्रदेश भर में लगे नवरात्र मेले कल कन्या पूजन के साथ ही सम्पन्न हो गये।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखनाथ मंदिर में कन्याओं के पांव पखारे और विधि विधान से पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति के प्रति सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के भाव के साथ सरकार अनेक कार्यक्रम चला रही है।

**महिला शक्ति के सम्मान और उनके स्वावलंबन के साथ साथ जुड़े हुए अनेक कार्यक्रम प्रदेश के अंदर आज के दिन पर एक करोड़ ऐसे परिवार या महिलाएं हैं जिनको हम बारह हजार रुपये सालाना पेंशन की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं। छब्बीस लाख से अधिक ऐसी बेटियां हैं जिन्हें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से जन्म से लेकर के स्नातक तक पच्चीस हजार रूपये के पैकेज के साथ सरकार ने उनके प्रति सरकार और समाज की जिम्मेदारी को समझते हुए इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।**

मिर्जापुर जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में कल देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बलरामपुर के देवी पाटन शक्तिपीठ पर भी कल नवरात्र के आखिरी दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। अन्य शक्तिपीठों और देवी मंदिरों पर भी कल कन्या पूजन और हवन के कार्यक्रम आयोजित हुए। उधर दुर्गा पूजा उत्सव भी कल चरम पर रहा। भारी संख्या में लोगों ने दुर्गा पाण्डालों में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन पूजन किए। देर रात तक दर्शन पूजन का सिलसिला चलता रहा। सभी शहरो,नगरों और कस्बों में चहल–पहल और भीडभाड़ देखी गयी।

**********

प्रदेश सरकार ने दशहरे के अवसर पर आज और दीपावली पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की वातानुकूलित बसों के किराए में लगभग दस प्रतिशत छूट देने का फैसला लिया है। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस निर्णय से यात्रियों को कम किराए में आरामदायक सफ़र की सुविधा मिलेगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। हस्तनिर्मित उत्पादों पर जीएसटी कटौती लोगों को बड़े स्तर पर राहत पहुंचा रही है। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने हस्त निर्मित वस्तुओं पर कर में कटौती की है जिससे उपभोक्ताओं और कारीगरों को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने कॉटन और जूट से बने पाउच और पर्स जैसे हस्त निर्मित बैग और आभूषण रखने वाले बक्सों पर जीएसटी की दर को 12ः से घटाकर 5ः कर दिया है। इसी प्रकार हस्त निर्मित शॉल, बनी हुई टोपी और सूती कपड़े की टोपी पर भी कर की दर को घटाकर 5ः कर दिया गया है। कर में इस कटौती से हाथ से बने हुए सामान सस्ते हुए हैं जिससे इन वस्तुओं की मांग बढ़ने के साथ ही इनके निर्यात को भी बढ़ावा मिला है। इसके अतिरिक्त कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने के साथ–साथ भारत के हस्तशिल्प क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार के इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की आजीविका को सहारा मिलने के साथ–साथ परंपरागत शिल्प और कारीगरी को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सांस्कृतिक महत्व वाले यह उत्पाद लोगों को किफायती दाम पर आसानी से उपलब्ध होंगे। आरजू के साथ सौम्या शरण आकाशवाणी समाचार दिल्ली ।**

**********

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में जानेंगे कैसे मोदी सरकार ने सीमाओं से परे वैश्विक संकट के समय दुनिया भर के देशों को सहयोग प्रदान किया है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक संकटों के समय सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले देशों के रूप में सामने आया है। पिछले 5 वर्षों में भारत ने 150 से अधिक देशों को मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान की है। भारत ने महामारी से लेकर प्राकृतिक आपदाओं तक संकटों से निपटने के लिए चिकित्सा दल, राहत सामग्री और विशेषज्ञों को तैनात किया है। नाइजीरिया में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने संकट के दौरान प्रथम प्रतिक्रियादाता के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित किया। साथियों दुनिया में कोई भी मुश्किल आती है तो भारत विश्व बंधु के तौर पर फर्स्ट रिस्पांडर बनाकर वहां पहुंचता है। कोविड के दौरान भारत ने मानव केंद्रित कूटनीति के अंतर्गत वैक्सीन मैत्री पहल शुरू की।विष्णु की रिपोर्ट के साथ शशांक कुमार ।**

**********

प्रदेश के पूर्वी एंव पश्चिमी क्षेत्रों के कई जनपदों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बीते छत्तीस घंटों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से फतेहपुर में सात और श्रावस्ती में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बदायूं में तीन लोग झुलस गये। मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों में प्रदेश के पूर्वी जनपदों में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

**********